गुरुवार
26 मार्च, 2026

# अपना नालन्दा

अपना शहर, अपना खबर

जानकी शिशु महाविहार
शिशु स्तर से पंचम स्तर तक
विशेषताएँ :-
- सी. सी. टी. वी. कैमरा की व्यवस्था
- स्मार्ट क्लास
- सभी रूट पर वाहन की व्यवस्था
- कंप्यूटर क्लास

वर्ष 2, अंक 52 | नालंदा का नंबर - 1 डिजिटल अखबार
www.apnanalanda.com

## बिहारशरीफ में आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार करेंगे फ्लाईओवर समेत कई योजनाओं का उद्घाटन



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)।मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रस्तावित दौरे को लेकर जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। मुख्यमंत्री 26 मार्च की सुबह लगभग 10 बजे हेलीकॉप्टर से बिहारशरीफ पहुंचेंगे। उनके हेलीकॉप्टर के उतरने के लिए नालंदा कॉलेज परिसर में अस्थायी हेलीपैड बनाया गया है। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था से लेकर कार्यक्रम स्थल तक प्रशासनिक स्तर पर विशेष तैयारी की गई है।


हेलीकॉप्टर से उतरने के बाद मुख्यमंत्री सड़क मार्ग से पुरानी रांची रोड पहुंचेंगे, जहां एलआईसी भवन के पास से लेकर सोगरा कॉलेज मोड़ तक स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत बनाए गए फ्लाईओवर का उद्घाटन करेंगे। यह फ्लाईओवर शहर के यातायात को सुगम बनाने के उद्देश्य से बनाया गया है और लंबे समय से लोग इसके उद्घाटन का इंतजार कर रहे थे।

इसके बाद मुख्यमंत्री कोसुक गांव के समीप पंचाने नदी पर बन रहे रिवर फ्रंट परियोजना का निरीक्षण करेंगे। पंचाने नदी को आकर्षक स्वरूप देने के लिए लगभग 33 करोड़ रुपये की लागत से रिवर फ्रंट का निर्माण कराया जा रहा है, जिसे गुजरात के साबरमती रिवर फ्रंट की तर्ज पर विकसित किया जा रहा है। कोसुक गांव से लेकर सिपाह गांव के पुल तक करीब एक किलोमीटर क्षेत्र को रिवर फ्रंट के रूप में विकसित किया जा रहा है।

परियोजना के तहत नदी के दोनों किनारों पर एक-एक किलोमीटर लंबाई में पैदल पथ बनाया जा रहा है, जिसकी चौड़ाई लगभग एक से डेढ़ मीटर होगी। इसके अलावा नदी के दोनों किनारों को जोड़ने के लिए दो स्थानों पर पैदल पुल का निर्माण भी प्रस्तावित है, जिससे लोग दोनों तरफ घूम सकेंगे। रिवर फ्रंट के आसपास हरियाली बढ़ाने के लिए घास और पौधारोपण भी किया जाएगा तथा दो स्थानों पर पार्क विकसित किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री कार्यक्रम स्थल पर ही जिले में तैयार कई विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी करेंगे। जानकारी के अनुसार लगभग 316 करोड़ रुपये की लागत से पूरी हुई 110 योजनाओं का उद्घाटन किया जाएगा, जबकि करीब 494 करोड़ रुपये की लागत वाली 106 योजनाओं का शिलान्यास किया जाएगा। इन योजनाओं में शहर के एकमात्र फ्लाईओवर के अलावा पंचायत सरकार भवन, स्मार्ट सिटी के तहत निर्मित विद्यालय भवन, जीविका भवन, खेल मैदान तथा महादलित विकास मिशन के तहत बनाए गए सामुदायिक भवन शामिल हैं।इसके अलावा सरमेरा में बनने वाले कृषि अनुसंधान सह प्रशिक्षण केंद्र के भवन का भी शिलान्यास किया जाएगा। मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा के दौरान स्वीकृत और पूर्ण हो चुकी कई योजनाओं का भी इस अवसर पर उद्घाटन होगा। कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री बिहारशरीफ स्टेडियम में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना है।

जनसभा के बाद मुख्यमंत्री स्टेडियम परिसर में ही राज्य और जिला स्तर के अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा बैठक भी करेंगे और चल रही परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी लेंगे। मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर पूरे जिले में प्रशासनिक गतिविधियां तेज हो गई हैं और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी तैयारियां अंतिम चरण में हैं।



## उदीयमान सूर्य को अर्घ्य के साथ संपन्न हुआ चैती छठ महापर्व, घाटों पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा जिले में चार दिवसीय चैती छठ महापर्व बुधवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ श्रद्धा और भक्ति के माहौल में संपन्न हो गया। जिले के विभिन्न छठ घाटों पर अहले सुबह से ही व्रतियों और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने छठी मैया और भगवान सूर्य की आराधना कर परिवार की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की।

रहुई प्रखंड के मोरा तालाब, देव नगरी स्थित छठ घाट पर जदयू प्रवक्ता भवानी सिंह भी पहुंचे। उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर उदीयमान सूर्य भगवान को अर्घ्य अर्पित किया और जिले की खुशहाली, शांति तथा समृद्धि के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर घाटों पर भक्ति गीतों और मंत्रोच्चार से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।

जिले के सोहसराय सूर्य मंदिर तालाब, अखाड़ा पर सूर्य तालाब, औंगारी धाम सूर्य तालाब, बड़गांव सूर्य तालाब और नूरसराय सूर्य घाट तालाब समेत कई प्रमुख घाटों पर हजारों व्रतियों ने पूजा-अर्चना की। प्रशासन की ओर से भी सुरक्षा और साफ-सफाई के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हुई।

व्रती पूजा कुमारी, सरिता देवी, जुली कुमारी, जयंती देवी, अंशु सिन्हा और दिव्या देवी ने बताया कि 22 मार्च को नहाय-खाय के साथ इस महापर्व की शुरुआत हुई थी। इसके बाद व्रतियों ने खरना और 36 घंटे का निर्जला व्रत रखकर छठी मैया की उपासना की।

अंतिम दिन उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद व्रतियों ने पारण कर व्रत पूरा किया। इसके साथ ही जिले भर में चैती छठ महापर्व श्रद्धा, आस्था और उल्लास के साथ शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया।

## लोकसभा में गूंजा तेलहाड़ा विश्वविद्यालय का मुद्दा, सांसद ने की स्थापना की मांग

संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा के लोकसभा सांसद कौशलेंद्र कुमार ने लोकसभा में नियम-377 के तहत प्राचीन तिलाधक (तेलहाड़ा) विश्वविद्यालय की पुनर्स्थापना का मुद्दा उठाते हुए केंद्र सरकार का ध्यान इस ओर आकृष्ट किया। उन्होंने कहा कि जिस तरह नालंदा विश्वविद्यालय अधिनियम-2010 के माध्यम से प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय की गौरवशाली परंपरा को पुनर्जीवित किया गया है, उसी तर्ज पर तेलहाड़ा विश्वविद्यालय की स्थापना भी की जानी चाहिए।सांसद ने सदन में कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 26 दिसंबर 2009 को तेलहाड़ा स्थल पर भूमि पूजन कर तिलाधक विश्वविद्यालय की स्थापना का संकल्प लिया था। उसी संकल्प को आगे बढ़ाते हुए अब केंद्र सरकार को इस दिशा में ठोस पहल करनी चाहिए, ताकि नालंदा की ऐतिहासिक शैक्षणिक पहचान और अधिक सशक्त हो सके।उन्होंने सुझाव दिया कि इस परियोजना के लिए केंद्र सरकार के संस्कृति मंत्रालय, शिक्षा मंत्रालय, विदेश मंत्रालय और पर्यटन मंत्रालय के साथ मिलकर एक समन्वय समिति बनाई जाए। यह समिति राज्य सरकार, स्थानीय समुदाय, पुरातत्व विशेषज्ञों तथा बौद्ध संगठनोंके साथ विचार-विमर्श कर विस्तृत प्रस्ताव तैयार करे।



सांसद कौशलेंद्र कुमार ने कहा कि तेलहाड़ा एक अत्यंत महत्वपूर्ण ऐतिहासिक स्थल है। पहली से बारहवीं शताब्दी तक यह क्षेत्र एक प्रमुख बौद्ध मठ और शिक्षा केंद्र के रूप में विकसित रहा। हाल के वर्षों में पुरातत्व विभाग की खुदाई में भी इसके प्रमाण सामने आए हैं। प्रसिद्ध चीनी यात्री ह्वेनसांग ने भी सातवीं शताब्दी में अपने यात्रा विवरण में तेलहाड़ा का उल्लेख किया है।उन्होंने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि नालंदा की समृद्ध शैक्षणिक और सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने के लिए तेलहाड़ा में विश्वविद्यालय की स्थापना की जाए, जिससे यह क्षेत्र एक बार फिर वैश्विक शिक्षा और बौद्ध अध्ययन का प्रमुख केंद्र बन सके।

# SAI BODHIT PVT. LTD.

बिहारशरीफ़ की नई पहचान

SHRIEJAN HEIGHTS में अपना आशियाना।

## SHRIEJAN HEIGHTS

कल्पना एक सुंदर-समृद्ध भारत की।


## LIFESTYLE OF THE WORLD COMES TO BIHARSHARIF

चोरा बगीचा से केवल 2 मिनट की दुरी पर ..........




Project Registration Number
BRERAP19200101102525O432E00

**60%**
**Free Area**



COMFORT, LUXURY
WELLNESS

**Amenities:**

. Swimming Pool
· Vastu Compliant Design
. Kids' Play Area
· Volleyball / Badminton Court
. Cricket net pitch
. Landscape & Roof Top Garden
. Temple in Premises
. Highly Secured Society (24x7 security & cctv surveillance)
· 100% Power Backup
. Ample Parking Space & Visitor Car Parking Facility
· EV Reserved Car Parking

Contact Us -
1800 5728 177 (TOLL FREE NUMBER)
9031605004

Site/Office -
सृजन कोल्ड स्टोरेज,
नालंदा टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के सामने,
राजगीर रोड, बिहारशरीफ (4-लेन राष्ट्रीय राजमार्ग-82)

**Contact us today to book your site visit!**

# मोरा तालाब छठ घाट पर जदयू प्रवक्ता अनुप्रिया ने उदीयमान सूर्य को दिया अर्घ्य



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा जिले में चार दिवसीय चैती छठ महापर्व श्रद्धा और आस्था के माहौल में संपन्न हो गया। अंतिम दिन बुधवार को व्रतियों ने उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर छठी मैया की आराधना की और परिवार तथा समाज की सुख-समृद्धि की कामना की। जिले के विभिन्न छठ घाटों पर अहले सुबह से ही व्रतियों और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

इसी क्रम में पटना से जनता दल यूनाइटेड की प्रदेश प्रवक्ता अनुप्रिया रहुई प्रखंड के मोरा तालाब छठ घाट पहुंचीं। उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर उदीयमान सूर्य भगवान को अर्घ्य अर्पित किया और नालंदा जिले के साथ-साथ पूरे प्रदेश में सुख-शांति तथा समृद्धि की कामना की। इस दौरान घाट पर छठ गीतों और मंत्रोच्चार से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।

जिले के सोहसराय सूर्य मंदिर तालाब, अखाड़ा पर सूर्य तालाब, औंगारी धाम सूर्य तालाब, बड़गांव सूर्य तालाब और नूरसराय सूर्य घाट तालाब समेत कई प्रमुख घाटोंपर हजारों व्रतियों ने छठी मैया की आराधना की। प्रशासन की ओर से भी सुरक्षा, साफ-सफाई और प्रकाश की समुचित व्यवस्था की गई थी, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हुई।

व्रती अंशु सिन्हा, दिव्या कुमारी और अंकित कुमार ने बताया कि 22 मार्च को नहाय-खाय के साथ इस महापर्व की शुरुआत हुई थी। इसके बाद खरना और 36 घंटे का निर्जला व्रत रखकर छठी मैया और भगवान भास्कर की पूजा-अर्चना की गई।


अंतिम दिन उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद व्रतियों ने पारण कर व्रत खोला। इस अवसर पर अंशु सिन्हा, दिव्या कुमारी, अंकित कुमार, रंजीत मुखिया, समंदर यादव सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।




www.apnanalanda.com
अपना नालन्दा
अपना शहर, अपना खबर
नालन्दा का नंबर 1 अखबार

अपना नालन्दा में विज्ञापन देकर
अपने व्यवसाय को दे नई पहचान



Kalope HOMES

All-in-One Home Solution

# Luxury Interior with RealPlast UPVC

Waterproof | Termite Proof | Fire Retardant | Zero Maintenance

**Material Partner:** REAL PLAST

RealPlast UPVC is a next-generation interior material that combines strength, safety, and luxury design.




## Modular Kitchen

✓ Cabinets, shutters, drawers



## TV Unit & Wall Panels

✓ Modern design, storage



## Wardrobes & Closets

✓ Sliding, swing, loft, drawers



## Bathroom Vanities

✓ Waterproof & hygienic

+91 74887 06578 www.kalopehomes.com Patna, Bihar

## मोरा तालाब पंचायत प्रीमियर लीग 2026 का आगाज, खिलाड़ियों में दिखा उत्साह



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा जिले के मोरा तालाब पंचायत अंतर्गत पचासा गांव स्थित ब्रह्मस्थान मैदान के समीप मोरा तालाब पंचायत प्रीमियर लीग 2026 क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ किया गया। 25 मार्च को फीता काटकर प्रतियोगिता की शुरुआत की गई, जिसे लेकर स्थानीय खिलाड़ियों और क्रिकेट प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है।

इस टूर्नामेंट की खास बात यह है कि इसमें केवल मोरा तालाब पंचायत के खिलाड़ी ही भाग ले रहे हैं। आयोजकों के अनुसार इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य पंचायत स्तर पर छिपी खेल प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान करना है, ताकि ग्रामीण क्षेत्र के युवा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें और खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त कर सकें।

प्रतियोगिता में विजेता टीम को 11 हजार रुपये नकद राशि के साथ ट्रॉफी और अन्य पुरस्कार दिए जाएंगे, जबकि उपविजेता टीम को 6 हजार रुपये नकद और ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। इसके अलावा मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द सीरीज खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया जाएगा। खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने के लिए हर विकेट और छक्के पर विशेष इनाम की भी व्यवस्था की गई है।

टूर्नामेंट के सभी मैच डे-नाइट प्रारूप में खेले जा रहे हैं और प्रत्येक मुकाबले का सीधा स्कोर क्रिकहीरोज अनुप्रयोग पर उपलब्ध कराया जा रहा है।

इस आयोजन का नेतृत्व अंकित कुमार उर्फ बिट्टू यादव कर रहे हैं। इस मौके पर पप्पू यादव वार्ड परिषद, नीतीश कुमार युवा नेता, सोमेंद्र यादव सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। पहले मैच में टाइगर राइडर टीम ने जीत दर्ज कर टूर्नामेंट की शानदार शुरुआत की।

## मां दुर्गा के पट खुलते ही जय माता दी नारों से गूंजा थरथरी बाजार



थरथरी (अपना नालंदा)। प्रखंड के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित दुर्गा मंदिरों में चैती नवरात्र के सातवें दिन बुधवार को मां दुर्गा के सातवें स्वरूप मां कालरात्रि की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और पूरा वातावरण भक्ति व श्रद्धा से सराबोर हो गया। भक्तों ने मां कालरात्रि की आराधना कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि, शक्ति और ग्रह बाधाओं से मुक्ति की कामना की।

चैती दुर्गा पूजा समिति थरथरी सहित क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में सुबह से ही पूजा-अर्चना का क्रम शुरू हो गया। मंदिर परिसर में "या देवी सर्वभूतेषु रक्षा रूपेण संस्थिता, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः" के मंत्रोच्चार और शंखध्वनि के साथ प्रतिमाओं में प्राण-प्रतिष्ठा की गई। इसके बाद मां दुर्गा के पट श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खोल दिए गए।

पट खुलते ही भक्तों की लंबी कतारें मंदिरों के बाहर तक लग गईं। श्रद्धालु पूरी आस्था और भक्ति भाव से मां दुर्गा के दर्शन कर पूजा-अर्चना करते नजर आए। मंदिर परिसर और आसपास का वातावरण "जय माता दी" के जयघोष से गूंज उठा।

मंदिर के पुरोहित राजदेव पाण्डेय ने बताया कि चैती नवरात्र का यह दिन विशेष महत्व रखता है। मां कालरात्रि की पूजा से भक्तों के सभी भय और बाधाएं दूर होती हैं तथा जीवन में सुख-शांति का वास होता है।


श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजा-अर्चना कर मां दुर्गा से क्षेत्र में शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। पूरे दिन मंदिरों में दर्शन और पूजा का सिलसिला चलता रहा, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूबा रहा।













# नेपुरा में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित, बच्चों ने दिखाया उत्साह




बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। सिलाव प्रखंड क्षेत्र के पर्यटन गांव नेपुरा स्थित बुनकर भवन परिसर में बुधवार को हमारी पाठशाला परियोजना फेज-चार के बच्चों के बीच वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन बिहार वॉटर डेवलपमेंट सोसायटी सेवा केंद्र, कुर्जी की ओर से किया गया, जिसमें बच्चों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और उत्साहपूर्वक अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलित कर जिला स्तरीय प्रशिक्षक रमेश कुमार पान, हमारी पाठशाला परियोजना के समन्वयक एलॉयसियस ओस्ता, टीम सुपरवाइजर साहिल राज तथा मुख्य अतिथि जागरूकता अभियान की सचिव और समाजसेवी अनिता कुमारी गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अनिता कुमारी गुप्ता ने कहा कि बचपन में खेलकूद का विशेष महत्व होता है। इससे बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास होता है तथा उनमें आत्मविश्वास, अनुशासन, टीम भावना और प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है।प्रतियोगिता के दौरान 100 मीटर दौड़, 50 मीटर दौड़, बैलून डांस, चम्मच पर गोली संतुलन और बॉम्ब विस्फोट जैसे कई रोचक खेलों का आयोजन किया गया। बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ इन प्रतियोगिताओं में भाग लिया। कार्यक्रम के संचालन और प्रतियोगिताओं के प्रबंधन में समन्वयक एलॉयसियस ओस्ता और टीम सुपरवाइजर साहिल राज ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

मौके पर समाजसेवी एवं पर्यटक मार्गदर्शक पप्पू कुमार मोदी तथा नेपुरा बुनकर कोपरेटिव सोसाइटी के अध्यक्ष देवनंदन तांती ने बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और आयोजकों के प्रयास की सराहना की। प्रतियोगिता के अंत में विजेता बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर हमारी पाठशाला फेज-चार के शिक्षक सोनू कुमार, दिनेश कुमार, राजेश कुमार, सुमन कुमार, राजेश कुमार, अन्नी कुमारी, आरती कुमारी सहित सभी प्रतिभागी और कई अभिभावक उपस्थित रहे।












# बड़ी दरगाह में उर्स-ए-मखदूम का आगाज, डीएम-एसपी ने की चादरपोशी



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। ऐतिहासिक बड़ी दरगाह में गुरुवार से उर्स-ए-मखदूम का पावन आयोजन शुरू हो गया। उर्स के मौके पर दूर-दराज से हजारों की संख्या में जायरीन बड़ी दरगाह पहुंचे और मखदूम साहब की मजार पर चादरपोशी कर अमन-चैन और खुशहाली की दुआ मांगी। उर्स शुरू होते ही दरगाह परिसर और आसपास के क्षेत्रों में मेले जैसी रौनक देखने को मिली।उर्स के शुभारंभ के अवसर पर जिलाधिकारी कुंदन कुमार और पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने बड़ी दरगाह पहुंचकर मखदूम साहब की मजार पर चादरपोशी की और जिले की सुख-शांति तथा समृद्धि के लिए दुआ की। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु और जायरीन भी मौजूद रहे।उर्स के अवसर पर दरगाह परिसर में धार्मिक अनुष्ठान, फातिहा और दुआ का सिलसिला शुरू हो गया है। जायरीन मखदूम साहब की मजार पर चादर चढ़ाकर अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति की कामना कर रहे हैं। दरगाह परिसर के आसपास अस्थायी दुकानों और मेले के कारण पूरे इलाके में चहल-पहल बढ़ गई है।

उर्स के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। दरगाह परिसर और आसपास के इलाकों में पुलिस बल की तैनाती की गई है। साथ ही निगरानी के लिए कई स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं, ताकि किसी भी तरह की अव्यवस्था या अप्रिय घटना से बचा जा सके।

प्रशासन की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए साफ-सफाई, पेयजल और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं भी की गई हैं, जिससे जायरीन को किसी प्रकार की परेशानी न हो।






## संपादकीय

**जे पी चौधरी**



# हजारों करोड़ खर्च के बावजूद गंगा प्रदूषण से मुक्त नहीं, कैग रिपोर्ट में खुलासा

गंगा नदी की सफाई के लिए वर्षों से चलाए जा रहे अभियानों और हजारों करोड़ रुपये खर्च किए जाने के बावजूद नदी आज भी प्रदूषण से पूरी तरह मुक्त नहीं हो सकी है। गंगा की शुद्धता को लेकर सरकार की कई योजनाएं लागू की गईं, लेकिन उनके अपेक्षित परिणाम सामने नहीं आए हैं।

गंगा की सफाई को लेकर पहली बड़ी पहल वर्ष 1986 में की गई थी, जब तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी के कार्यकाल में गंगा एक्शन प्लान की शुरुआत हुई। इस योजना का उद्देश्य गंगा नदी को प्रदूषण से मुक्त कर उसकी पवित्रता को बनाए रखना था। हालांकि इसके बाद भी गंगा शुद्धि के नाम पर हजारों करोड़ रुपये खर्च किए गए, लेकिन आज भी कई स्थानों पर गंगा का जल आचमन योग्य नहीं रह गया है।भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की हालिया रिपोर्ट में भी गंगा की स्थिति को लेकर चिंता व्यक्त की गई है।वर्ष 2018 से 2023 के बीच उत्तराखंड में चल रहे नमामि गंगे कार्यक्रम की लेखा परीक्षा रिपोर्ट में गंगा की बदहाली का जिक्र किया गया है। यह रिपोर्ट हाल ही में उत्तराखंड विधानसभा के बजट सत्र में पेश की गई।

रिपोर्ट के अनुसार, गोमुख से देवप्रयाग तक गंगा का पानी 'ए' श्रेणी का यानी आचमन योग्य है। वहीं ऋषिकेश और हरिद्वार तक पहुंचते-पहुंचते पानी की गुणवत्ता 'बी' श्रेणी की रह जाती है, जो केवल स्नान योग्य मानी जाती है।

कैग की रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि गंगा तट के शहरों में सीवेज प्रबंधन की व्यवस्था पर्याप्त नहीं है। कई स्थानों पर सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के डिज़ाइन में खामियां, खराब रखरखाव और गंगा में गिरने वाले नालों को रोकने में नाकामी सामने आई है। साथ ही नदियों और धाराओं में कचरा फेंके जाने पर भी प्रभावी नियंत्रण नहीं हो पाया है।

# उगते सूर्य को अर्घ्य के साथ बेन में आस्था और श्रद्धा से संपन्न हुआ छठ महापर्व



सुधीर प्रसाद

बेन (अपना नालंदा)। प्रखंड मुख्यालय स्थित पंकज पोखर सूर्य मंदिर के समीप बने छठ घाट पर बुधवार की सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ चार दिवसीय छठ महापर्व श्रद्धा और आस्था के वातावरण में संपन्न हो गया। अहले सुबह से ही घाट पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा और पूरा क्षेत्र छठी मैया के जयघोष तथा छठ गीतों से गूंज उठा।

छठ व्रतियों के साथ बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष, बुजुर्ग और बच्चे छठ घाट पर पहुंचे। व्रतियों ने पूरे विधि-विधान के साथ भगवान सूर्य और छठी मैया की पूजा-अर्चना की तथा परिवार की सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य और खुशहाली की कामना की। घाट पर छठ गीतों की मधुर धुन और भक्तों की आस्था से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया।

व्रतियों ने डूबते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद 36 घंटे का निर्जला उपवास रखा और बुधवार की सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर व्रत का समापन किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने पारंपरिक रीति-रिवाज के अनुसार पूजा-अर्चना की और छठी मैया से जीवन में सुख-शांति की प्रार्थना की।

भीड़ को देखते हुए प्रशासन की ओर से घाट पर पुख्ता व्यवस्था की गई थी। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी, ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। वहीं श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए चिकित्सीय व्यवस्था भी की गई थी। घाट के पास एंबुलेंस, डॉक्टर और नर्सों को तैनात किया गया था, जिससे आपात स्थिति में तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जा सके।

प्रशासनिक व्यवस्था और श्रद्धालुओं के सहयोग से यह महापर्व शांतिपूर्ण और भक्तिमय वातावरण में संपन्न हो गया।

# तुंगी विद्यालय के विद्यार्थियों का शैक्षणिक परिभ्रमण, छबीलापुर विद्यालय में मिली नई सीख




बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। बुधवार को श्री शिव शंकर उच्च विद्यालय तुंगी के लगभग 50 छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक परिभ्रमण के तहत आरजीएल उच्च विद्यालय छबीलापुर, बिहारशरीफ ले जाया गया। इस परिभ्रमण का नेतृत्व प्रभारी प्राचार्या सीमा कुमारी और नोडल शिक्षक रविकांत कुमार ने किया। इस दौरान विद्यार्थियों को विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, स्मार्ट क्लास, पुस्तकालय और प्रयोगशाला की जानकारी दी गई।

आरजीएल उच्च विद्यालय छबीलापुर के प्रभारी प्रधानाध्यापक ओंकार देव आर्य और मेंटॉर शिक्षक अजय कुमार ने बच्चों का स्वागत करते हुए उन्हें स्मार्ट क्लास, लाइब्रेरी और प्रयोगशाला का अवलोकन कराया। इसके साथ ही विद्यार्थियों को आसपास के नदी पुल और विद्यालय के विस्तृत मैदान का भी भ्रमण कराया गया। मेंटॉर शिक्षक अजय कुमार ने बच्चों से अपने अनुभव साझा करते हुए शिक्षा के महत्व और सामूहिक प्रयास की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस तरह के संयुक्त शैक्षणिक परिभ्रमण को भविष्यके लिए मील का पत्थर बताया और विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।




प्रभारी प्राचार्या सीमा कुमारी और नोडल शिक्षक रविकांत कुमार ने विद्यार्थियों के लिए जलपान की भी व्यवस्था की। इस शैक्षणिक यात्रा में अनुराधा कुमारी, ज्योति कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, प्रीति कुमारी, निशा कुमारी, कोमल कुमारी, पंकज मांझी, रुदल मांझी, मंगल पांडे, प्रिंस कुमार, शत्रुघ्न कुमार, दीपक कुमार, साहब कुमार, कन्हैया कुमार, दिव्यांशु कुमार, जयप्रकाश कुमार, अंकित कुमार, आजाद कुमार, आयुष कुमार, प्रियांशु कुमार और प्रेमसागर कुमार सहित कई छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

मौके पर आरजीएल उच्च विद्यालय छबीलापुर के शिक्षक कुंज बिहारी, कुंजेश, अजय कुमार राणा, अजय, राकेश कुमार, जैनेंद्र कुमार, शंकर कुमार, लाइब्रेरियन मोहम्मद आफताब आलम, धीरज कुमार, शिखा कुमारी, सोनल साकची, राखी कुमारी, रौशन कुमार, सूरज नारायण, संजीत कुमार, सुजीत कुमार, सुरजीत कुमार और सीमा कुमारी भी उपस्थित रहे।

# चैती छठ पर एबीवीपी ने सूर्य मंदिर घाट पर बांटा शुद्ध जल और शरबत




हिलसा (अपना नालंदा)। चैती छठ महापर्व के अवसर पर बुधवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् (एबीवीपी) हिलसा इकाई द्वारा श्रद्धालुओं के बीच सेवा भाव के साथ शुद्ध जल और शरबत का वितरण किया गया। यह सेवा शिविर हिलसा स्थित सूर्य मंदिर तालाब के छठ घाट पर लगाया गया, जहां बड़ी संख्या में व्रती और श्रद्धालु उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने पहुंचे थे।

कार्यक्रम का नेतृत्व नगर उपाध्यक्ष राकेश कुमार के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने घाट पर पहुंचे व्रतियों और श्रद्धालुओं को शुद्ध पेयजल और शरबत वितरित कर उनकी सेवा की। सेवा कार्य को लेकर श्रद्धालुओं ने भी संगठन के इस प्रयास की सराहना की।इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने कहा कि छठ महापर्व आस्था, श्रद्धा और सेवा का पर्व है। ऐसे पावन अवसर पर श्रद्धालुओं की सेवा करना सौभाग्य की बात है। संगठन के सदस्य भविष्य में भी इस तरह के सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रमों में सेवा कार्य करते रहेंगे।

कार्यक्रम में एबीवीपी के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता सक्रिय रूप से शामिल रहे। इनमें प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विकास त्रिपाठी, आदित्य कुमार, नीतीश कुमार, नगर सह मंत्री रितेश कुमार, नगर मीडिया प्रमुख मोहित पांडेय, मनीष कुमार, शिवम कुमार, अंकित कुमार और प्रभात कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

छठ घाट पर आयोजित इस सेवा कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने श्रद्धालुओं को व्यवस्थित रूप से जल और शरबत उपलब्ध कराया। इस पहल से घाट पर मौजूद लोगों को काफी राहत मिली और पूरे कार्यक्रम के दौरान सेवा और श्रद्धा का वातावरण बना रहा।

# राजगीर नगर परिषद बजट बैठक का पार्षदों ने किया सामूहिक बहिष्कार




बिहारशरीफ (अपना नालंदा)।
राजगीर नगर परिषद में बुधवार को आयोजित आम बजट बैठक उस समय विवादों में घिर गई, जब अधिकांश वार्ड पार्षदों ने बैठक का सामूहिक रूप से बहिष्कार कर दिया। पार्षदों का आरोप है कि नगर परिषद प्रशासन वित्तीय मामलों में पारदर्शिता नहीं बरत रहा है और कई महत्वपूर्ण जानकारियां जनप्रतिनिधियों से छिपाई जा रही हैं। इसी मुद्दे को लेकर 32 में से 29 वार्ड पार्षदों ने एकजुट होकर बैठक में बजट पारित करने से इनकार कर दिया और विरोध स्वरूप बैठक से बाहर निकल गए।

बैठक में सभापति जीरो देवी और उपसभापति मुन्नी देवी मौजूद थीं, लेकिन पार्षदों के कड़े रुख के कारण बजट प्रस्ताव पर कोई निर्णय नहीं हो सका। वहीं तीन पार्षद—सुनीता देवी, चांदनी कुमारी और कविता देवी—बैठक में शामिल नहीं हो सकीं। बताया गया कि कविता देवी अस्वस्थ होने के कारण अस्पताल में भर्ती हैं।

बैठक से बाहर निकलने के बाद सभी पार्षद, उनके प्रतिनिधि तथा कुछ कर्मचारी शहर के एक होटल में एकत्र हुए, जहां उन्होंने सामूहिक रूप से भोजन किया और नगर परिषद प्रशासन की कार्यप्रणाली पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान पार्षदों ने आरोप लगाया कि परिषद में वित्तीय लेन-देन और विकास कार्यों से संबंधित जानकारी समय पर उपलब्ध नहीं कराई जाती, जिससे पार्षदों को सही निर्णय लेने में कठिनाई होती है।

वार्ड पार्षद अनिता सिन्हा ने कहा कि कार्यपालक पदाधिकारी से कई बार खर्च और योजनाओं का पूरा विवरण मांगा गया, लेकिन आज तक स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों को वित्तीय जानकारी से वंचित रखना लोकतांत्रिक व्यवस्था के विरुद्ध है। वहीं पार्षद महेंद्र यादव ने आरोप लगाया कि क्रय समिति, लेखा समिति और निविदा समिति के साथ पर्याप्त विचार-विमर्श नहीं किया जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि कई मामलों में बाजार दर से अधिक कीमत पर सामग्री की खरीदारी की जा रही है, जिसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

पार्षद डॉ. अनिल कुमार ने भी परिषद की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि सफाई व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरा स्थापना और हाई मास्क लाइटिंग जैसे कई महत्वपूर्ण कार्य एक ही जिले के कुछ चुनिंदा ठेकेदारों को दिए जा रहे हैं। इससे कार्यों की निष्पक्षता और पारदर्शिता पर संदेह उत्पन्न होता है। उन्होंने मांग की कि सभी निविदा प्रक्रियाओं को पूरी तरह पारदर्शी बनाया जाए।

इसी क्रम में पार्षद मो. इकबाल हसीब ने कहा कि सरकार से प्राप्त राशि, उसके खर्च और बची हुई धनराशि का स्पष्ट ब्यौरा पार्षदों को नहीं दिया जाता।

उन्होंने बताया कि पिछले बजट सत्र में भी आय-व्यय का विवरण मांगा गया था, लेकिन केवल आश्वासन ही मिला। वहीं पार्षद श्यामनारायण प्रसाद ने कहा कि बिना ठोस जानकारी के किसी भी बजट को मंजूरी देना जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी के साथ समझौता होगा।

पार्षद सुषमा कुमारी ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ बैठकों के दौरान पार्षदों के साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है, जिससे माहौल तनावपूर्ण हो जाता है। उन्होंने कहा कि जब तक पार्षदों को सम्मानपूर्वक पूरी जानकारी नहीं दी जाएगी, तब तक इस प्रकार की बैठकों में भाग लेना मुश्किल होगा।

बैठक के बाद आक्रोशित पार्षदों ने नगर परिषद कार्यालय के मुख्य द्वार पर प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने "भ्रष्टाचार बंद करो", "आय-व्यय का हिसाब दो" और "कार्यपालक पदाधिकारी इस्तीफा दो" जैसे नारे लगाए। पार्षदों ने तख्तियां लेकर प्रशासन के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया और पारदर्शिता की मांग दोहराई।

इधर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी अजीत कुमार ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट पारित नहीं हो सका, क्योंकि पार्षद बजट प्रस्ताव से संतुष्ट नहीं थे।

उन्होंने बताया कि पार्षदों की आपत्तियों और सुझावों को ध्यान में रखते हुए अप्रैल के पहले सप्ताह में दोबारा बैठक बुलाई जाएगी।

उस बैठक में संशोधित बजट प्रस्ताव पेश कर उसे पारित कराने का प्रयास किया जाएगा।




# उगते सूर्य को अर्घ्य के साथ जहानाबाद में संपन्न हुआ चैती छठ महापर्व

अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। चार दिनों तक चलने वाला आस्था का महान पर्व चैती छठ बुधवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही श्रद्धा और भक्ति के माहौल में संपन्न हो गया। 22 मार्च से शुरू हुए इस महापर्व का समापन 25 मार्च की सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ हुआ। इस अवसर पर जिले के विभिन्न नदी घाटों और तालाबों पर व्रतियों और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

जिले के प्रमुख छठ घाटों, विशेषकर श्यामा घाट, संगम घाट और ठाकुरबाड़ी घाट पर अहले सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। व्रतियों ने विधि-विधान के साथ भगवान सूर्य और छठी मैया की पूजा-अर्चना की तथा परिवार की सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य और खुशहाली की कामना की। घाटों पर छठ गीतोंऔर मंत्रोच्चार से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

चैती छठ महापर्व के दौरान व्रती पहले दिन नहाय-खाय से व्रत की शुरुआत करते हैं।



इसके बाद खरना और 36 घंटे का निर्जला उपवास रखकर डूबते सूर्य को अर्घ्य अर्पितकिया जाता है। अंतिम दिन उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का समापन किया जाता है। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि छठी मैया की कृपा से जीवन में सुख, शांति और समृद्धि आती है।

चैती छठ को लेकर जिला प्रशासन द्वारा भी सुरक्षा और व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए थे। सभी प्रमुख घाटों पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी, ताकि किसी भी तरह की अव्यवस्था या अप्रिय घटना से बचा जा सके। प्रशासन की सतर्कता और श्रद्धालुओं के सहयोग से यह महापर्व शांतिपूर्ण और श्रद्धापूर्ण माहौल में संपन्न हो गया।

# बेमौसम आंधी-बारिश से फसलें बर्बाद, किसानों ने प्रति एकड़ 30 हजार मुआवजे की मांग

थरथरी (अपना नालंदा)। प्रखंड क्षेत्र में हाल के दिनों में हुई बेमौसम आंधी और बारिश से किसानों की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। तेज हवा और बारिश के कारण खेतों में लगी कई फसलें बर्बाद हो गई हैं, जिससे किसानों को भारी आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ रहा है। प्रभावित किसानों ने सरकार से जल्द राहत और मुआवजा देने की मांग की है।अखिल भारतीय किसान महासभा के जिला सचिव मुनीलाल यादव और किसान नेता सह पूर्व मुखिया बखोरी प्रसाद ने संयुक्त बयान जारी कर कहा कि थरथरी प्रखंड समेत जिले के कई इलाकों में आई आंधी-बारिश से मसूर, चना, सरसों, खेसारी, गेहूं और प्याज की फसलों को व्यापक नुकसान हुआ है। इसके अलावा आम के पेड़ों पर आए मंजर भी तेज हवा और बारिश के कारण झड़ गए हैं, जिससे बागवानों को भी काफी क्षति हुई है।नेताओं ने कहा कि अचानक आई इस प्राकृतिक आपदा से किसानों की आर्थिक स्थिति पर गहरा असर पड़ा है। कई किसानों की पूरी मेहनत और लागत पानी में बह गई है। ऐसे में सरकार को तत्काल नुकसान का आकलन कर प्रभावित किसानों को राहत प्रदान करनी चाहिए।

उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार से मांग की कि प्रभावित किसानों को प्रति एकड़ कम से कम 30 हजार रुपये का मुआवजा दिया जाए, ताकि किसान अगली खेती की तैयारी कर सकें और उनकी आर्थिक स्थिति संभल सके।

साथ ही उन्होंने किसानों के सभी प्रकार के कृषि ऋण माफ करने, बकाया बिजली बिल और अन्य सरकारी राजस्व वसूली को भी स्थगित या माफ करने की मांग की है, ताकि किसानों को राहत मिल सके।

# कतरीसराय में धान खरीद धीमी, एक अप्रैल से गेहूं अधिप्राप्ति शुरू

आर संतोष भारती

कतरीसराय (अपना नालंदा)। कतरीसराय प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पैक्सों में धान अधिप्राप्ति को लेकर निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप अपेक्षित प्रगति नहीं हो सकी है। विभागीय आंकड़ों के अनुसार प्रखंड के पांच पैक्सों में कुल 3556.190 मीट्रिक टन धान खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, लेकिन इसके विरुद्ध अब तक मात्र 319.050 मीट्रिक टन धान की ही खरीद हो पाई है। इससे स्पष्ट है कि धान खरीद की रफ्तार काफी धीमी रही है।

हालांकि विभागीय स्तर पर धान क्रय प्रतिशत को लेकर अलग-अलग आंकड़े सामने आ रहे हैं। जानकारी के अनुसार कटौना पैक्स में धान अधिप्राप्ति का प्रतिशत लगभग 91 प्रतिशत तक बताया जा रहा है, जबकि अन्य पैक्सों में लक्ष्य के अनुरूप खरीद नहीं हो सकी है।

इसी बीच प्रखंड कार्यालय में किसानों और पैक्स अध्यक्षों के साथ गेहूं अधिप्राप्ति को लेकर एक समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी गेहूं खरीद अभियान को सफल बनाने के लिए कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने पैक्स प्रतिनिधियों और किसानों से समय पर तैयारी पूरी करने का आग्रह किया, ताकि खरीद प्रक्रिया सुचारु रूप से संचालित हो सके।

प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी अमरजीत प्रसाद ने बताया कि गेहूं अधिप्राप्ति में तेजी लाने और किसानों को सरकारी दर का लाभ दिलाने के उद्देश्य से बैठक आयोजित की गई है। उन्होंने कहा कि एक अप्रैल से गेहूं अधिप्राप्ति का कार्य प्रारंभ होगा और सरकार द्वारा गेहूं का समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है।

# समृद्धि यात्रा के तहत भोजपुर के जन संवाद में मुख्यमंत्री ने गिनाईं विकास योजनाएं



पटना(अपना नालंदा)। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बुधवार को भोजपुर जिले के आरा स्थित कृषि उत्पादन बाजार समिति प्रांगण में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए। समृद्धि यात्रा के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए राज्य सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों और आगामी योजनाओं की जानकारी दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 24 नवंबर 2005 को एनडीए सरकार बनने के बाद से बिहार में कानून का राज स्थापित हुआ और राज्य के विकास के लिए लगातार काम किया गया। उन्होंने कहा कि पहले की स्थिति काफी खराब थी, लोग शाम के बाद घर से बाहर निकलने में डरते थे, सड़कों की हालत खराब थी, बिजली और स्वास्थ्य सुविधाएं भी पर्याप्त नहीं थीं। अब राज्य में शांति, भाईचारा और विकास का माहौल है।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2006 से कब्रिस्तानों की घेराबंदी कराई गई ताकि विवाद की स्थिति समाप्त हो सके। वहीं वर्ष 2016 से 60 वर्ष से अधिक पुराने मंदिरों की भी घेराबंदी कराई जा रही है। शिक्षा के क्षेत्र में सुधार के लिए बड़ी संख्या में शिक्षकों की बहाली की गई। बिहार लोक सेवा आयोग के माध्यम से 2 लाख 58 हजार शिक्षकों की नियुक्ति की गई है। नियोजित शिक्षकों को भी अवसर देते हुए चार परीक्षाएं आयोजित की गईं, जिनमें 2 लाख 66 हजार शिक्षक सफल हुए हैं। अब राज्य में सरकारी शिक्षकों की कुल संख्या लगभग 5 लाख 24 हजार हो गई है और 45 हजार नए पदों पर बहाली की प्रक्रिया भी शुरू की जा रही है।

स्वास्थ्य व्यवस्था पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में प्रतिदिन केवल एक-दो मरीज ही आते थे, लेकिन अब हर महीने औसतन 11,600 मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। पहले राज्य में छह मेडिकल कॉलेज थे, जिनकी संख्या अब 12 हो गई है और छह नए मेडिकल कॉलेजों का निर्माण जारी है। पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल को 5,400 बेड का बनाया जा रहा है, जबकि आईजीआईएमएस को 3,000 बेड का किया जा रहा है।मुख्यमंत्री ने कहा कि सात निश्चय योजना के तहत बिजली, नल-जल, शौचालय, सड़क और युवाओं के रोजगार पर विशेष काम किया गया। सात निश्चय-2 के तहत युवाओं के लिए 10 लाख सरकारी नौकरी और 10 लाख रोजगार देने का लक्ष्य रखा गया, जिसमें अब तक 10 लाख नौकरियां और 40 लाख रोजगार उपलब्ध कराए जा चुके हैं। अगले पांच वर्षों में 1 करोड़ युवाओं को रोजगार देने का लक्ष्य रखा गया है।

उन्होंने बताया कि जाति आधारित गणना में 94 लाख गरीब परिवारों की पहचान हुई है, जिन्हें रोजगार के लिए दो लाख रुपये तक की सहायता दी जा रही है। अब तक 83 लाख 20 हजार परिवारों को योजनाओं से जोड़कर राशि देना शुरू कर दिया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में उद्योग, कृषि, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में तेजी से काम किया जा रहा है। आने वाले वर्षों में सात निश्चय-3 के तहत रोजगार, उद्योग, शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में बड़े स्तर पर काम किया जाएगा।

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री सह भोजपुर जिले के प्रभारी मंत्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, बिहार विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह, श्रम संसाधन मंत्री संजय सिंह टाइगर, विधायक भगवान सिंह कुशवाहा, राघवेंद्र प्रताप सिंह, राधाचरण साह, महेश पासवान, विशाल प्रशांत और राजेश रंजन, विधान पार्षद जीवन कुमार सहित पूर्व विधायक, पूर्व विधान पार्षद, अन्य जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# जदयू संगठन मजबूती पर पटना में बैठक, निशांत कुमार ने कार्यकर्ताओं से किया संवाद



पटना (अपना नालंदा)। जनता दल (यू) के संगठन को और अधिक मजबूत तथा सक्रिय बनाने के उद्देश्य से बुधवार को पटना स्थित प्रदेश कार्यालय में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेता निशांत कुमार ने सारण प्रमंडल के तीन प्रमुख जिलों गोपालगंज, सिवान और छपरा के जिलाध्यक्षों एवं संबंधित जिलों के प्रखंड अध्यक्षों के साथ संगठनात्मक स्थिति पर विस्तृत चर्चा की। बैठक के दौरान संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने और कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया।

बैठक में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा, विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के उपनेता ललन कुमार सर्राफ, विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह उर्फ गांधीजी, अनिल कुमार तथा वासुदेव कुशवाहा भी मौजूद रहे। वहीं सारण के जिलाध्यक्ष बैद्यनाथ प्रसाद सिंह विकल, गोपालगंज के जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार पटेल और सिवान के जिलाध्यक्ष विकास कुमार उर्फ जीशू सिंह सहित कई प्रखंड अध्यक्ष भी बैठक में शामिल हुए।बैठक को संबोधित करते हुए निशांत कुमार ने कहा कि वे अपने पिता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार नीतीश कुमार ने हमेशा पार्टी के कार्यकर्ताओं को साथ लेकर संगठन को मजबूत किया है, उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए वे भी वरिष्ठ नेताओं और जमीनी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर पार्टी को आगे बढ़ाने का काम करेंगे।

निशांत कुमार ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं ने हमेशा उनके पिता पर विश्वास और स्नेह बनाए रखा है। उन्हें उम्मीद है कि वही समर्थन और विश्वास उन्हें भी मिलता रहेगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि पिछले 20 वर्षों में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में हुए विकास कार्यों की जानकारी घर-घर तक पहुंचाई जाए। इसके लिए पार्टी द्वारा तैयार की गई बुकलेट को लोगों के बीच वितरित करने और स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क तथा अन्य क्षेत्रों में हुए विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को चौथी बार पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर बधाई और शुभकामनाएं भी दीं। साथ ही कहा कि संगठन की असली ताकत कार्यकर्ता ही होते हैं, इसलिए सभी प्रखंड अध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहकर जनता से संवाद बढ़ाएं और पार्टी की नीतियों को लोगों तक पहुंचाएं।

बैठक के दौरान प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने पार्टी के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्षों और प्रखंड अध्यक्षों को नए कार्यकाल के लिए बधाई दी और संगठन को मजबूत करने के लिए पूरी निष्ठा के साथ काम करने का आह्वान किया।

इस दौरान जिलाध्यक्षों और प्रखंड अध्यक्षों ने अपने-अपने जिलों की संगठनात्मक स्थिति से निशांत कुमार को अवगत कराया। सभी ने संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत बनाने तथा कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाने का संकल्प व्यक्त किया। उपस्थित नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कहा कि निशांत कुमार के सक्रिय राजनीति में आने से प्रदेश के कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ है तथा पार्टी को इससे नई दिशा मिलने की उम्मीद है।

# भाजपा स्थापना दिवस को लेकर प्रदेश कार्यालय में बैठक, 5 से 12 अप्रैल तक होंगे कार्यक्रम



पटना (अपना नालंदा)। भारतीय जनता पार्टी बिहार प्रदेश कार्यालय में बुधवार को पार्टी के स्थापना दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने की, जिसमें पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को कार्यक्रमों की रूपरेखा की जानकारी दी गई।


प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने बताया कि इस वर्ष भाजपा का स्थापना दिवस 5 अप्रैल से 12 अप्रैल तक पूरे प्रदेश में व्यापक स्तर पर मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि 5 से 7 अप्रैल तक पार्टी कार्यालयों की सजावट की जाएगी, जबकि 6 अप्रैल को सभी कार्यालयों में विकास यात्रा का आयोजन होगा। इसके साथ ही कार्यकर्ता अपने-अपने घरों पर भाजपा का ध्वज फहराएंगे और ध्वज के साथ सेल्फी लेकर उसे सामाजिक माध्यमों पर साझा करेंगे।उन्होंने बताया कि 6 या 7 अप्रैल को प्रत्येक बूथ स्तर पर प्राथमिक और सक्रिय सदस्यों के साथ स्थापना दिवस कार्यक्रम मनाया जाएगा। इसके बाद 8 और 9 अप्रैल को जिलाकार्यालयों में सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसमें विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी।

www.apnanalanda.com

# अपना नालन्दा

अपना शहर, अपना खबर

## नालन्दा का नंबर 1 अखबार




### अपना नालन्दा में विज्ञापन देकर अपने व्यवसाय को दे नई पहचान

## नालन्दा की जनता की आवाज

*अपने क्षेत्र की खबर भेजने ओर विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें।*

9031468165
9608311251

विज्ञापन दरें (प्रथम वर्षगांठ विशेष पैकेज)
फुल पेज विज्ञापन – ₹10,000/-
हाफ पेज विज्ञापन – ₹5,000/-
क्वार्टर पेज विज्ञापन – ₹3,000/-

संपर्क करें:
apnanalandaofficial881@gmail.com
9031468165
9608311251